मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गांरटी परिषद्, भोपाल

(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन पंजीकृत संस्था)

द्वितीय तल, नर्मदा भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल - ४६२०११

क्रमांक / 1378 / MIS/NR-10/NREGA-MP/10 भोपाल, दिनांक 17.02.10

प्रति,

1. कलेक्टर / जिला कार्यक्रम समन्वयक,
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी/अतिरिक्त कार्यक्रम समन्वयक,
   महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना,
   जिला पंचायत .... (समस्त)
   मध्यप्रदेश

विषय :- टोल फ्री नम्बर 155343 के माध्यम से नागरिक टेली समाधान केन्द्र (हेल्प लाइन) सुविधा के संबंध में।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, मध्यप्रदेश से संबंधित जनशिकायत एवं योजना से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ आम जनता तक उपलब्ध कराने हेतु महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, म.प्र. को म.प्र. शासन के नागरिक टेली समाधान केन्द्र सुविधा (हेल्प लाइन) के टोल फ्री नम्बर से जोड़ दिया गया है। अतः परिषद् का पूर्व में जारी टोल फ्री नम्बर के स्थान पर नागरिक टेली समाधान केन्द्र, टोल फ्री नम्बर 155343 के माध्यम से बी.एस.एन.एल. अथवा एयरटेल के फिक्स अथवा मोबाइल से निःशुल्क बात कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है नागरिक टेली समाधान केन्द्र में कोई भी आम जन योजना से संबंधित बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त कर सकता हैं अथवा आम जन की शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है।

टोल फ्री नम्बर 155343 पर दर्ज शिकायतें ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत/जिला स्तर के संबंधित अधिकारियों/पदाधिकारियों को दूरभाष तथा ई-मेल के माध्यम से प्रेषित की जाएगी तथा उनका निराकरण विहित रीति से नियत समय-सीमा तक किया जाना अनिवार्य होगा।

अतः टोल फ्री नम्बर 155343 तथा नागरिक टेली समाधान केन्द्र के माध्यम से उपलब्ध कराने वाली जानकारी के विवरण के संबंध में समुचित प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चत करें तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत भवन की दीवारों पर गेरू से टोल फ्री नम्बर तथा उसके माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का स्पष्ट उल्लेख किया जाए।

15/2/10

(रश्मि अरुण शमी)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी

पृ.क्रं / 1379 / MIS/NR-10/NREGA-MP/10 भोपाल, दिनांक 17.02.10

प्रतिलिपि-

1. प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर सादर सूचनार्थ।
2. समस्त संभागायुक्त
3. प्रबंध संचालक, म.प्र.राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम, एम.पी. नगर भोपाल
4. संचालक, जनशिकायत निवारण, म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल

15/2/10

(रश्मि अरुण शमी)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी